# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

दिनांक – 23.09.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

**(Admission Schedule for admission in UG Programs through remaining Merits in University Campus and Affiliated Colleges) – REVISED**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित सभी स्नातक, बी0ए0एल–एल0बी0 तथा बी0कॉम0एल–एल0बी0 सहित (परन्तु बी0पी0ई0एस0 एवं बी0एससी0 फिजिक्ल एजुकेशन, हेल्थ एजुकेशन एण्ड स्पोट्र्स को छोड़कर) एवं स्नातक स्तर के सभी सर्टिफिकेट व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु अन्तिम अवसर देते हुऐ पुनः आनॅलाईन पंजीकरण दिनांक 23.09.2025 से दिनांक 25.09.2025 तक खोले जा रहें है। अतः अभी तक पंजीकरण से वंचित छात्र/छात्राऐं उक्त पाठ्यक्रमों में दिनांक 23.09.2025 से दिनांक 25.09.2025 तक अपना पंजीकरण अवश्य कर लें। इसी के क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश के लिए इच्छुक, पहले से पंजीकृत (परन्तु अप्रवेशित अभ्यर्थी) एवं नये पंजीकृत अभ्यर्थी उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अपने पंजीकरण की हार्डकॉपी सम्बंधित परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों (जिनमें प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया है) में दिनांक 23.09.2025 से दिनांक 26.09.2025 तक जमा करा दें। दिनांक 27.09.2025 को परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान उनके यहाँ अभ्यर्थियों द्वारा उक्त तिथियों में जमा किये गये पंजीकरण फार्मों के आधार पर सम्बंधित पाठ्यक्रम की अर्हता कक्षा की Marks Percentage में Weightages के प्रतिशत (जैसे कि weightages of Ward quota percentage, NCC/NSS etc) को जोड़कर आरक्षण नियमानुसार वरीयता सूची तैयार कर दिनांक 03.10.2025 का Admission Offer Schedule करके भेजेंगें एवं इसके बाद प्रथम प्रतीक्षा सूची बनाकर दिनांक 03.10.2025 की शांम दिनांक 04.10.2025 का Admission Offer Schedule करके भेजेंगे तथा दिनांक 04.10.2025 की शांम को अंतिम प्रतीक्षा सूची बनाकर दिनांक 06.10.2025 का Admission Offer Schedule करके भेजेंगे।

दिनांक 03.10.2025, 04.10.2025 एवं दिनांक 06.10.2025 को महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग उनके यहाँ संचालित उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु Admssion Offer accept करने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेखों की जाँच कर प्रवेश कन्फर्म करेंगें।

इसी क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त पाठ्यक्रमों में पंजीकृत अभ्यर्थी दिनांक 23.09.2025 से दिनांक 25.09.2025 तक अपने पंजीकरण फार्म में Academic details and weightage में अगर कोई त्रुटि है तो अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई0डी0 से लॉगइन करके अपडेट कर सकते है।

विश्वविद्यालय परिसर विभागों/महाविद्यालयों/संस्थानों को यह भी सूचित किया जाता है कि स्पोट्र्स कोटा से इच्छुक अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वैबसाईट एवं प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी थी। अतः उक्त सूची में पाठ्यक्रमवार सीटों को छोड़कर बाकी स्पोट्र्स कोटा के लिए आरक्षित सीटों को उनके यहाँ संचालित पाठ्यक्रमों की सीटों में सम्मिलित करके आगे की वरीयता सूची बनाऐ।

इसी के साथ यह भी सूचित किया जाता है कि सत्र 2025–26 हेतु उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है इसके बाद उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया पूर्णता बंद कर दी जाऐगी। अतः परिसर विभाग एवं महाविद्यालय/संस्थान उनके यहाँ संचालित पाठ्यक्रमों की सभी रिक्त सीटों पर प्रवेश पूर्ण कर लें।

23/09/25

प्रवेश समन्वयक

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ